मि.सं.2-5/2020-प्रशासन (सीएचडी)
भारत सरकार
केंद्रीय हिंदी निदेशालय
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

पश्चिमी खण्ड-7, रामकृष्ण पुरम
नई दिल्ली-110 066
दिनांक :- 08/10/2024

रिक्ति परिपत्र

केंद्रीय हिंदी निदेशालय,शिक्षा मंत्रालय,उच्चतर शिक्षा विभाग में 1 वर्ष की अवधि के लिए अल्पकालीन आधार पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक निदेशक (भाषा) के 02 (दो) पदों को भरने के लिए योग्य कर्मचारियों द्वारा (अनुलग्नक- I एवं II के अनुसार) निर्धारित प्रोफार्मा में निम्नलिखित विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

1.	पद का नाम एवं वेतन लेवल	**सहायक निदेशक (भाषा)** वेतन संचना का लेवल-10
2.	प्रतिनियुक्ति की अवधि	केंद्रीय सरकार के इसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में प्रतिनियुक्ति की अवधि इस नियुक्ति से तुरंत पूर्व किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित, साधारणत: 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
3.	आयु सीमा	प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) पर स्थानांतरण द्वारा नियुक्ति की अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
4.	योग्यता मापदंड	प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) केंद्र सरकार या राज्य सरकार या कानूनी संगठनों या पब्लिक सैक्टर के उपक्रमों या विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं के अधिकारी जो, (क) (I) मूल विभाग/ विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण करते हो अथवा (II)मूल विभाग/विभाग में नियुक्ति के बाद वेतन मैट्रिक्स से स्तर-9 रु. 53100-167800 अथवा वेतन मैट्रिक्स में स्तर-8 रु. 47600-151100 या समतुल्य से 2 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर लेंते हैं। अथवा (III)मूल विभाग/ विभाग में नियुक्ति के बाद वेतन मैट्रिक्स में स्तर-7 रु. 44900-142400 या समतुल्य में 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर लेते है तथा (ख) जिनके पास निम्नलिखित अर्हताएं और अनुभव है:

		आवश्यक : i. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या समतुल्य से हिंदी अथवा संस्कृत से मास्टर डिग्री अथवा डिग्री स्तर पर एक विषय के रूप में हिंदी साहित्य सहित भाषाविज्ञान में मास्टर डिग्री। ii. डिग्री स्तर पर अध्ययन के एक विषय के रूप में अग्रेजी iii. डिग्री/डिप्लोमा कक्षाओं का अध्यापन या शब्दावली कार्यो का अथवा पुस्तकों के तकनीकी लेख लिखने का या अनुवाद का या दोनों का 3 वर्ष का अनुभव। **वांछनीय:** (I) सरकारी संस्थान से हिंदी के प्रयोग को शामिल करते हुए कोश कार्य का अनुभव। (II) कक्षा 10 या किसी अन्य उच्च स्तर पर हिंदी से भिन्न एक भारतीय भाषा का अध्ययन तथा अंग्रेजी से भिन्न एक विदेशी भाषा का अध्ययन । टिप्पण 1 : पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति मे है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। उसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। टिप्पण 2 : प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) पर स्थानांतरण द्वारा नियुक्ति की अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5.	योग्यता	लागू नही
6.	आवेदन कैसे करें	योग्य एवं इच्छुक अधिकारियों के पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन और जिन्हे चयन के उपरांत तुरंत कार्यमुक्त किया जा सके उनका आवेदन उचित माध्यम से निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय,पश्चिमी खण्ड-7,आर.के.पुरम् , नई दिल्ली-110 066 को रोजगार समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित होने के 60 दिनों के अंदर निम्न सहित भेजा जाना चाहिए: क) विगत 5 वर्षो के पूर्ण भरे हुए ए.पी.ए.आर. की प्रति जिसका प्रत्येक पृष्ठ सक्षम अधिकारी द्वारा साक्ष्यांकित किया गया हो। ख) संवर्ग अनापति प्रमाण-पत्र ग) सर्तकता अनापत्ति प्रमाण-पत्र घ) यदि कोई बड़ी/लघु दण्डात्मक कार्रवाई विवरण के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र
7.	वेतन एवं भत्ते	कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा समय समय पर जारी भारत सरकार निर्देशों के अनुसार चयनित अधिकारी का वेतन निर्धारण किया जाएगा।

आवेदन योग्य एवं इच्छुक अधिकारियों द्वारा **निदेशक केंद्रीय हिंदी निदेशालय,पश्चिमी खण्ड-7,आर.के.पुरम् , नई दिल्ली-110 066** को रोजगार समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित होने के 60 दिनों के अंदर भेजे जाने चाहिए।

Sangita James
8/10/2024

(संगीता जेम्स)
प्रशासनिक अधिकारी

सेवा में:

1. ई-गर्वनेस यूनिट (कृपया निदेशालय की वेबसाईट पर परिपत्र को अपलोड करें)।